# संजय गांधी अस्पताल की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था, बना रेफर सेंटर

## मौसमी बीमारी से बढ़े मरीज, सरकारी डॉक्टर चला रहे अपनी क्लीनिक, भटकते हैं अस्पताल में मरीज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, अवर्षा से जहा किसान परेशान हैं वहीं इस समय घर-घर मौसमी बीमारी का प्रकोप है. सर्दी जुखाम, बुखार, डेंगू, पीलिया आदि बीमारी से मरीज ग्रस्त है. लिहाजा संजय गांधी अस्पताल एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पैर रखने तक की जगह नही है. इसी तरह निजी अस्पताल में भी मरीजों का तांता लगा हुआ है.**

शासकीय अस्पताल में बेहतर उपचार के अभाव में मरीज निजी अस्पताल और क्लीनिक पहुंच रहे है. सरकारी डाक्टरों को अस्पताल में मरीज देखने की फुर्सत नही है. यही वजह है कि बेहतर उपचार के लिये रीवा से मरीज जबलपुर-नागपुर जा रहे है. तमाम सुविधा




एवं मशीने होने के बाद भी शहर के शासकीय अस्पताल में उपचार एक कठिन संघर्ष बन चुका है जो चिकित्सक सुपर अस्पताल एवं संजय गांधी अस्पताल में मरीज का उपचार कर सकते है वह खुद मरीजों को निजी नर्सिंग होम उपचार के लिये भेज रहे हैं जहा से मोटी कमाई होती है. हालत यह है कि कभी जिला चिकित्सालय में एक्सरे फिल्म नही तो कभी संजय गांधी अस्पताल में दवा का टोटा, सुपर अस्पताल में अगर कोई मरीज आयुष्मान कार्डधारी है और उसे पेशमेकर या अन्य उपकरण लगाना है तो वह अस्पताल में नही है. मरीजों को इतना परेशान किया जाता है कि वह अस्पताल से खुद को रेफर करा लेते है. इस समय मौसमी बीमारी के चलते सुपर अस्पताल के ओपीडी में प्रतिदिन तीन सौ से पांच सौ मरीज पहुंच रहे है. वही संजय गांधी अस्पताल की ओपीडी में 1800 से 2000 मरीज पहुंचते है. जिसमें से लगभग दो सौ मरीज भर्ती होते है. अस्पताल से मरीजों की छुट्टी भी होती रहती है. वरिष्ठ चिकित्सक वार्ड में कम जाते है और पूरा अस्पताल जूनियर डाक्टरों के हवाले रहता है. यही वजह है कि स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है.

### जांच के नाम पर कमीशन का पूरा खेल

संजय गांधी अस्पताल एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक अपने निजी एवं शासकीय आवास में मरीजों को देखते है. अस्पताल के लिये भले ही फुर्सत न मिले, लेकिन अपने घरों में मरीजों को बकायदे फीस लेकर देखते है और फिर शुरू होता है जांच के नाम पर कमीशन का पूरा खेल. दरअसल जब कोई मरीज पहुंचता है तो विभिन्न तरह की जांच संदेह के आधार पर लिख दी जाती है. कई जांचे तो इतनी महंगी होती है कि आम आदमी के बस में नही होती. जांच का पर्चा देने के साथ बकायदे संबंधित जांच केन्द्र का पर्चा भी दिया जाता है कि संबंधित पैथालाजी, एक्सरे या एमआरआई आदि सेंटर में जाकर ही जांच कराए. इसके साथ ही दवा दुकान का भी पर्चा दिया जाता है कि दवा इसी दुकान से खरीदें, अगर जांच और दवा अन्य जगह से ली जाती है तो तरह-तरह के संदेह खड़ा करते हुए दोबारा जांच के लिये लिख दिया जाता है. दरअसल यह पूरा खेल चिकित्सकों के कमीशन का होता है. जितनी जांच होती है उसका बकायदे कमीशन पहुंचता है.

### मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है: डॉ. मिश्रा

संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के अधीक्षक डा. राहुल मिश्रा ने बताया कि इस समय अस्पताल में मरीजों की संख्या ज्यादा है. मौसमी बीमारी के कारण मरीज ज्यादा पहुंच रहे है. दवा एवं उचार की सुविधा बराबर मिल रही है. इसके साथ ही वरिष्ठ चिकित्सक भी वार्ड में मरीजों को देखते है कुछ समस्याएं जरूर है.

# बगैर लाइसेंस के चल रही कान्हा दूध डेयरी की गई सील

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है. इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश दुबे ने बताया कि विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा की टीम ने रीवा नगर निगम क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में दूध बेचने वालों से दूध के नमूने लेकर उनकी जांच कराई.**

कार्यवाही के दौरान राधे डेयरी, बजरंग डेयरी, महाकाल डेयरी, एसएसएफ चौराहा, अमूल्य दूध के वितरक सुमन श्री सेल्स एजेंसी रानीगंज रीवा से दूध के नमूने लिये गये. इसी तरह सेमरिया के पास दूध विक्रेता घनश्याम गौतम, रामलाल यादव, शिवदयाल, वासुदेव साहू, विनोद तिवारी तथा बाबूलाल यादव द्वारा बेंचे जा रहे दूध के नमूने लिए गये. निरीक्षण के दौरान चचाई के पास दूध कलेक्शन सेंटर तथा कान्हा दूध डेयरी बिना लायसेंस के संचालित पायी गई. खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने डेयरी को सील कर इसके संचालक रवीन्द्र कश्यप के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया. खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अतरैला में अतरैला डेयरी, कृष्णा डेयरी तथा सुनील मावा भण्डार से दूध और मावा के नमूने लिए गये. गुढ़ में पाण्डेय डेयरी तथा रीठी में न्यू जय डेयरी से दूध, दही, पनीर एवं मावा के नमूने लिये गये. सभी नमूनों की जांच की जा रही है जांच में नमूने अमानक पाये जाने पर दूकानदारों के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी.

# महिला की फर्जी आईडी से अश्लील फोटो वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, रीवा शहर में एक महिला की परिवारिक और सामाजिक प्रतिष्ठा को खराब करने उसकी फर्जी इस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है.**

आरोपी ने ना सिर्फ महिला के नाम से फर्जी आईडी बनाई, बल्कि उसकी आईडी से ही अश्लील फोटो वीडियो बनाकर स्टोरी भी लगाई. इतना ही नहीं आरोपी महिला के नाम की आईडी से उसके परिवारजनों और रिश्तेदारों को लगातार मैसेज भी कर रहा है. फिलहाल महिला ने मामले की शिकायत बिछिया थाना सहित सायबर सेल में भी दर्ज करा दी है. दरअसल मामला शहर के बिछिया थाना क्षेत्र का है. पीडित महिला ने जानकारी देते हुये बताया कि पूर्व से परिचित एक युवक ने पहले उसके पति को भडकाने का प्रयास किया, फिर जब वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हुआ था तो उसने महिला के नाम की फेंक इंस्टाग्राम आईडी बनाई और उसके परिवारजनों व रिश्तेदारों को जोडकर अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने लगा. महिला का आरोप है कि युवक द्वारा उसे बदनाम करने की नियत से यह सब किया जा रहा है, जिससे उसकी परिवारिक और सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है. पीडिता ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है.


# जन चौपाल में एसपी ने किया जनसंवाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, जिले के त्यौंथर तहसील क्षेत्र के जनेह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सूती में एक 'जन चौपाल' का आयोजन किया गया.**

जन चौपाल में रीवा पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह ने स्वयं पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए. इस अवसर पर त्यौथर एसडीओपी मनस्वी शर्मा और जनेह थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे. चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने जनेह थाना क्षेत्र में नशाखोरी और बढ़ते अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की मांग प्रमुखता से रखी. ग्रामीणों की मांग पर विचार करने का आश्वासन एसपी ने दिया.

### वीणा पयासी का डीएसपी पद पर चयन



**रीवा.** जेडी कार्यालय रीवा में पदस्थ सहायक संचालक एवं सतना की बेटी वीणा पयासी अपने लगातार प्रयास से डीएसपी बनी है. इसके पहले तीन पदों पर रह चुकी है. वर्ष 2019 में आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयनित होने के बाद 2022 में सहायक संचालक शिक्षा विभाग के पद पर सफलता प्राप्त की और अब उनका चयन डीएसपी पद के लिये हुआ है. तीसरी बार सफलता हासिल कर वीणा पयासी ने जिले का नाम रोशन किया है. इस सफलता पर शिक्षा विभाग के सहायक संचालक राजेश मिश्रा सहित अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है.

## संक्षिप्त

### नाटक गुरु देवयो नम: का होगा मंचन

**रीवा,** रंग अनुभव सांस्कृतिक शिक्षा समिति रीवा के द्वारा 30 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला में तैयार नाटक गुरु देवयो नम: का मंचन द वंडर पब्लिक स्कूल रीवा के सभागार में कल शाम 7 बजे से होगा. बच्चों के भीतर रंगमंच की जानकारी और उससे होने वाले व्यक्तित्व विकास के बारे में निरन्तर जागरूक किया जाना बहुत जरूरी है इसी श्रृंखला में नाटक गुरु देवयो नम: को बच्चों के बीच रहकर तैयार किया गया है. इस नाटक का लेखन और निर्देशन राजमणि तिवारी ने किया है और संगीत हर्षवर्धन सिंह ने तैयार किया है.

### आज आएंगे रणविजय सिंह

**रीवा,** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी रणविजय सिंह लोचव का 02 अगस्त को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आगमन हो रहा है. श्री लोचव अपने प्रवास के दौरान जिले के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा विधानसभा स्तर पर संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक, वार्ड, पंचायत, मण्डलम समितियों एवं बी.एल.ए.-2 के गठन एवं सत्यापन की प्रगति की समीक्षा करेंगे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री लोचव दोपहर 2:00 बजे रीवा पहुंचेंगे. इसके उपरांत दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक विधानसभावार बैठकें आयोजित होंगी. प्रथम चरण में त्योंथर, सिरमौर, मनगवां एवं गुढ़ विधानसभा क्षेत्रों की बैठक होगी, जिसमें संबंधित जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, संगठन महासचिव, विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्षगण एवं नगर अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे. इसी क्रम में सेमरिया विधानसभा की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संबंधित पदाधिकारी एवं संगठन के दायित्ववान कार्यकर्ता भाग लेंगे. इसके बाद रीवा विधानसभा की बैठक होगी, जिसमें शहर अध्यक्ष, शहर संगठन महासचिव, विधानसभा प्रभारी, शहर ब्लॉक अध्यक्षगण सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे. सायं 4:00 बजे से 5:00 बजे तक नगर निगम पार्षदों के साथ विशेष बैठक आयोजित की जाएगी.

### भाजपा शासन में शिक्षा व्यवस्था बदहाल: मंगू

**रीवा,** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू



ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में सरकारी शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है. सरकार की नीतियों के कारण शासकीय विद्यालय लगातार कमजोर हो रहे हैं और शिक्षा का तेजी से व्यवसायीकरण किया जा रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों का भविष्य संकट में पड़ गया है. कांग्रेस नेता ने कहा कि रीवा जिले में 200 से अधिक शासकीय विद्यालय जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं और कई विद्यालय बंद होने की स्थिति में हैं. विद्यालयों में पर्याप्त भवन, शिक्षकों और मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, लेकिन सरकार इन समस्याओं के समाधान के बजाय केवल योजनाओं और उत्सवों के प्रचार में लगी हुई है. श्री मंगू ने प्रदेश सरकार से मांग की कि रीवा सहित पूरे प्रदेश के जर्जर शासकीय विद्यालयों के भवनों का तत्काल निर्माण कराया जाए, रिक्त शिक्षक पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जाएं तथा सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी और दीर्घकालिक कदम उठाए जाएं, ताकि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित हो सके.

### संभाग में सात लाख 63 हजार हेक्टेयर में हुई बोनी

**रीवा,** रीवा संभाग में वर्तमान खरीफ फसल में अब तक सात लाख 63 हजार 100 हेक्टेयर में फसलों की बोनी हुई है. इस वर्ष के लिए अनुमानित लक्ष्य के अनुसार ज्वार, मक्का, बाजरा, कोदौ, अरहर, मूंग, उड़द तथा तिल की लक्ष्य के अनुसार लगभग 95 प्रतिशत बोनी हो चुकी है. इस संबंध में प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि संभाग में खरीफ फसल के लिए इस वर्ष 10 लाख 24 हजार 990 हेक्टेयर में फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया था. अब तक सात लाख 63 हजार 100 हेक्टेयर में फसलों की बोनी हो चुकी है. यह लक्ष्य का 74.44 प्रतिशत है. धान को छोड़कर लगभग सभी फसलों की बोनी हो चुकी है. धान की रोपाई के लिए किसान गहरी बारिश का इंतजार कर रहे हैं.

# जयंतीकुंज सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को नवम्बर तक शुरु कराएं: शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नगर निगम में चल रहे सीवरेज निर्माण कार्यों की समीक्षा की. उप मुख्यमंत्री ने जयंतीकुंज सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सुधार कार्य का निरीक्षण किया.**

मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जयंतीकुंज एसटीपी का सुधार कार्य तत्काल शुरू करें. इस 12 एमएलडी क्षमता के प्लांट से 10 हजार से अधिक घरों से आने वाले गंदे पानी को साफ किया जायेगा. इसे चालू करने के लिए पुरानी मशीनों के स्थान पर नई मशीनें लगाये. आवश्यक सिविल वर्क भी तत्काल शुरू कर दें. इसका निर्माण कार्य नवम्बर माह तक पूरा कराके इसे शुरू करायें. सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के शुरू हो जाने से नगर की बड़ी आवादी को लाभ मिलेगा. उप मुख्यमंत्री



ने कहा कि एसटीपी के सुधार कार्य के साथ-साथ लगभग 10 हजार घरों का सीवर लाइन से कनेक्शन का कार्य भी अक्टूबर माह तक पूरा करा लें जिससे प्लांट शुरू होते ही सीवरेज की सफाई का कार्य शुरू हो जाय. सीवरेज लाइन निर्माण के लिए खोदी गई सड़कों में सुधार कार्य तत्परता से करायें. चिरहुला मंदिर रोड, गोविंदगढ़ रोड तथा पीटीएस रोड में सुधार कार्य तत्काल शुरू करें. उप मुख्यमंत्री ने चोरहटा से रतहरा माडल रोड की साफ-सफाई, भारी वाहनों को शहर में प्रवेश न देने तथा पेयजल व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये. बैठक में आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन ने बताया कि जयंतीकुंज ट्रीटमेंट प्लांट को दिसंबर तक चालू कर दिया जायेगा. उन्होंने सीवरेज लाइन की प्रगति की जानकारी ली. बैठक में नगरीय विकास विभाग के तकनीकी सलाहकार सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला एसटीपी के निर्माण के संबंध में तकनीकी पक्षों की जानकारी दी. निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे.

# मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, अमहिया पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. जिसके पास से दो अलग-अलग जगहों से चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया गया है.**

थाना प्रभारी मनोज गौतम ने बताया कि फरियादी शुधांशु जैन पिता संतोष जैन उम्र 48 वर्ष निवासी खुशी किराना स्टोर नरेंद्र नगर ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज



कराई कि सुबह दुकान खोलकर काउंटर पर मोबाइल रख कर साफ़ सफ़ाई करने लगा साफ़ सफ़ाई के बाद काउंटर में देखा तो वीवो कंपनी का मोबाइल नहीं था कोई अज्ञात चोर दुकान में घुसकर चोरी कर ले गया था. इसी तरह फरियादी डॉ ऋषि कुमार तिवारी पिता दिनकर प्रसाद तिवारी उम्र 57 वर्ष निवासी अटल पार्क के पीछे शासकीय आवास सिविल लाइंस ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर का दरवाज़ा बंद करके मंदिर चला गया था वापस घर लौटा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था सामान चेक किया तो एक मोबाइल मोटोरोला कंपनी का नहीं था कोई अज्ञात चोर घर में घुसकर चोरी कर ले गया था. आरोपी गौरव सिंह उर्फ प्रिंस पिता नागेंद्र सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बेला थाना रामपुर बघेलान जिला सतना हाल निवासी ढेकहा राजपूत गन फैक्ट्री के पास से पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा अपने पास मोबाइल रखना स्वीकार किया. पूंछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया.

# प्लाट आवंटन के लिए 15 तक अवसर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, जिले के औद्योगिक विकास के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में औद्योगिक विकास किया जा रहा है. त्योंथर तहसील के घूमा कटरा में विकसित किये जा रहे.**

औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को नई इकाईयों की स्थापना के लिए जमीन के प्लाट आवंटन की कार्यवाही एक अगस्त से 15 अगस्त तक ऑनलाइन की जा रही है. इस संबंध में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सूक्ष्म लघु औ मध्यम उद्यम विभाग द्वारा भूखण्ड विकसित किये गये हैं.

भूखण्ड आवंटन के लिए एस्प्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट का आमंत्रण उद्यामियों को दिया जा रहा है. भूखण्ड आवंटन के लिए 15 अगस्त को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है. इस संबंध में भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया तथा अन्य जानकारियाँ विभाग के पोर्टल पर देख सकते है.

# छात्रा की उपचार के दौरान मौत ब्यायफ्रेंड पर आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, रीवा के संजय गांधी अस्पताल में एक सप्ताह पूर्व भर्ती हुई बीएससी सेकेड ईयर की छात्रा की आज उपचार के दौरान मौत हो गई.**

छात्रा की मौत पर पिता ने उसके ब्यायफ्रेंड पर टार्चर करने का आरोप लगाया है और ब्यायफ्रेंड को ही छात्रा की मौत का जिम्मेदार ठहराया. बताया जा रहा है कि छात्रा का बीते डेढ साल से अफेयर चल रहा था, जिससे छात्रा के परिजन बेखबर थे. दरअसल मामला मउगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र ग्राम खजुहा का है जहां रहने वाली बीएसपी सेकेण्ड ईयर की छात्रा ने 25 जुलाई की सुबह अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्मघाती कदम उठा लिया था. घटना के बाद छात्रा को उपचार के लिये रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बीते एक सप्ताह से जारी उपचार के बीच छात्रा की मौत हो गई. फिलहाल ममले में छात्रा के पिता नें उसकी मौत का जिम्मेदार अमर कुशवाहा नामक युवक को ठहराया है.

# महिला कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री का फूंका पुतला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, महिला कांग्रेस रीवा द्वारा केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी एवं मंडी सांसद कंगना रणौत का शनिवार को सिरमौर चौराहे पर पुतला दहन किया गया. साथ ही सरकार से मांग की गई कि तत्काल ऐसे नेताओं से इस्तीफा लेना चाहिए.**

महिला नेत्रियों ने कहा कि देश में बहन बेटियों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मंत्री सांसद विधायकों द्वारा आपत्तिजनक



बयान दिए जाते हैं जिससे पूरा देश शर्मसार हो गया है कोई देखने सुनने वाला नहीं है. इतना बड़ा आंदोलन छात्रों द्वारा किया गया उसमें सभी समाज की बहन बेटियां भी शामिल थी उनको संसद द्वारा गटर छाप कहा गया वहीं भाजपा के मंत्री द्वारा विकलिस बानो केस में शामिल दोषियों का स्वागत कर समर्थन किया गया जो घोर आपत्तिजनक है. ऐसे नेताओं को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है मोदी सरकार को ऐसे नेताओं से इस्तीफा लेने में देर नहीं करनी चाहिए. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सीमा सिंह, शहर अध्यक्ष तारा त्रिपाठी, विद्यावती पटेल, प्रदेश महासचिव विजय लक्ष्मी मिश्रा, प्रदेश महासचिव डॉक्टर प्रतिभा सिंह पटेल, ममता तिवारी, वंदना श्रीवास्तव, नेहा सिंह चौहान, देवकी साकेत, रचना सिंह, नीलम पांडे, तहरुन्निशा, जाहिदा बेगम, नीलू पांडे, बीनू पांडे, प्रतिभा मिश्रा, सपना पटेल मौजूद रही.

# गुढ़ पुलिस ने लूट के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, जिले की गुढ़ थाना पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए एक महीने के भीतर तीसरी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है.**

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन और सतत निगरानी में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने लूट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन शातिर आरोपियों को राज्य के बाहर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान मजू उर्फ महेश केवट पिता राजेंद्र केवट उम्र 20 वर्ष निवासी बैजनाथ थाना चोरहटा, रजनीश केवट पिता राम नरेश केवट उम्र 20 वर्ष निवासी सिलचट थाना गुढ़ तथा धीरज केवट पिता राजेंद्र केवट उम्र 24 वर्ष निवासी पडखुड़ी थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी के रूप में हुई है. पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर उनके पास से लूटे गए 2500 रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है. कार्रवाई के संबंध में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों पर नकेल कसना हमारी पहली प्राथमिकता है. पुलिस टीम ने लगातार पतासाजी करते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को राज्य से बाहर से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है. अपराधियों को यह स्पष्ट संदेश है कि वे कहीं भी छिप जाएं, पुलिस की पहुंच से बच नहीं पाएंगे.

